# KNOWLEDGE HUB

## खनिज एवं उद्योग से संबंधित शब्दावली

1. जैव - विविधता ( Bio - Diversity ) - किसी क्षेत्र / प्रदेश विशेष में मिलने वाली जीवों की प्रजातियों की विविधता का स्वरूप

2. संचार ( Communication ) - भावों , संदेशों , विचारों व तथ्यों का एक स्थान से दूसरे स्थान में स्थानान्तरित होने का प्रक्रिया |

3. हरित क्रान्ति ( Green Revolution ) - कृषि में नवीन तकनीकों के उपयोग द्वारा कृषि उपज बढ़ाने के लिए की मुहिम को हरित क्रान्ति कहा जाता है |

4. व्यापार ( Trade ) - वस्तुओं या सेवाओं के आदान - प्रदान व क्रय - विक्रय की प्रक्रिया |

5. आर.सी.डी.एफ. ( RCDF ) - इस संस्थान की स्थापना सन 1973 में की गयी थी | प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकार संघों को इस संस्थान से सम्बद्ध किया गया है |

6. कुटीर उद्योग ( Cottage Industry ) - कुटीर उद्योग एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा पूर्ण अथवा आंशिक रूप संचालित किये जाते हैं | इसके अन्तर्गत कम पूँजी एवं अधिक कुशलता से हाथों के माध्यम से वस्तुओं का निमाण | जाता है |

7. परिवहन ( Transport ) - वस्तुओं या मानव के विभिन्न माध्यमों द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर वाहित होने की प्रक्रिया |

8. संरक्षण ( Conservation ) - संसाधनों का युक्तियुक्त उपयोग जिससे वे भविष्य में लम्बे समय तक उपयेगिता में बने | रहें , संरक्षण कहलाता है |

9. पर्यावरण ( Environment ) - प्रकृति में जैविक , अजैविक एवं इनकी आपसी क्रियाओं से उत्पन्न सांस्कृतिक दशाओं का समावेशित स्वरूप |

10. प्रदूषण ( Pollution ) - किसी प्राकृतिक संसाधन या स्रोत में अवांछनीय प्रदूषकों के मिलने से उसकी गुणवत्ता में कमी आ जाना |

11. खनिज ( Minerals ) - जो पदार्थ भूगर्भ से खोदकर निकाले जाते हैं , उन्हे खनिज कहते हैं | खनिज अजैव प्रक्रियाओं से निर्मित रासायनिक यौगिक होते हैं |

12. उद्योग ( Industry ) — प्राथमिक उत्पादों का अधिक लाभपूर्ण वस्तुओं में परिवर्तन उद्योग कहलाता है | यह मानव की द्वितीयक क्रिया है |

13. खनन ( Mining ) - ऐसी प्रक्रिया जिसके द्वारा सतह के नीचे से खनिजों का दोहन करते है , खनन कहलाती है |

14.अयस्क ( Ore ) - खदानों से निकाले गये अशोधित खनिज को अयस्क कहते हैं |

15. धात्विक खनिज ( Metallic Minerals ) - जिन खनिजों से धातुओं की प्राप्ति होती है , उन्हें धात्विक खनिज कहते हैं | लोहा , ताँबा , सोना , चांदी आदि धात्विक खनिज हैं |

16. अधात्विक खनिज ( Non - Metallic Minerals ) - जिन खनिजों से धातुएँ प्राप्त नहीं होती हैं , उन्हें अधात्विक खनिज कहते हैं | अभ्रक , पाइराइट , हीरा , जिप्सम आदि अधात्विक खनिज हैं |

17. ऊर्जा खनिज ( Energy Minerals ) - जिन खनिजों से ऊर्जा प्राप्त होती है , उन्हें ऊर्जा खनिज कहा जाता है | कोयला , पेट्रोलियम , प्राकृतिक गैस आदि ऊर्जा खनिज हैं |

18. संसाधन ( Resources ) - प्रकृति प्रदत्त वे सभी जैविक व अजैविक पदार्थ जो मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होते हैं |

नोट : यह पीडीऍफ़ विभिन्न स्रोतों से तथ्य एकत्रित कर बनायीं गयी है | यदि इसमें कोई त्रुटी पायी जाती है तो नॉलेज हब संचालक की जिम्मेदारी नहीं होगी |

अन्य पीडीएफ डाउनलोड करने के लिए यहाँ क्लिक करें या गूगल पर सर्च करें - Knowledge Hub PDF

@knowledgekahub +918619657230 @knowledgekahub

KEEP YOUR SURROUNDING GREEN & CLEAN